# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026



Sumeet Group

## "सफर 42 सालों का, रिश्ता उम्र भर का"



दिल से धन्यवाद!

सुमीत बाजार™

42 ANNIVERSARY

**1984 से आज तक**, फैशन बदला है, ट्रेंड आए और गए हैं...
लेकिन एक चीज कभी नहीं बदली – आपका भरोसा!
**चाहे त्यौहार हो, शादियाँ हो, या रोजाना पहनने वाले कपड़े हो**
बच्चों से लेकर बड़ों तक, हमने हर पीढ़ी को कपड़े पहनाए हैं.
आज हमारे 42 स्टोर्स हैं.
**हमें ये गर्व है कि दादा-दादी से लेकर पोता-पोती तक**
**हमारे परिधानों ने रिश्तों को सजाया है.**

***आइयेगा जरूर !***

***साथ में केक काटें, और मनाए 42 सालों के रिश्ते का जश्न !***
***शाम 6 बजे! आपका इंतज़ार रहेगा!***

**सह-संस्थान -** SUMEET JEWELLERS | SUMEET WHOLESALE | Shubham K Mart | SUMEET INFRACON | NEO MO

**छत्तीसगढ़** – रायपुर – बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब, संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर। आरंग भिलाई – सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला, पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड। दुर्ग – स्टेशन रोड, पुलगांव। नवापारा (राजिम) – गंज रोड, सदर रोड। बिलासपुर। भाटापारा। सिमगा। खरोरा। बालोद राजनांदगांव। डोंगरगढ़। बेमेतरा। कवर्धा। महासमुंद। सरायपाली। बागबाहरा। धमतरी। कांकेर। कोण्डागांव॥ **उड़ीसा** – खरियार रोड। नुआपाड़ा॥ **मध्यप्रदेश** – बालाघाट। धामनोद

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक पर कार्रवाई



**गीदम।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित करने हेतु एसडीओपी गोविंद दीवान के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा निरंतर सघन अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 4 फरवरी को थाना गीदम क्षेत्रांतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज के पास एनएच 63 मुख्य सड़क मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीएच 7209 के चालक को सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाहीपूर्वक एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चलाते पाया गया। जांच करने पर चालक के शराब के नशे में होने की आशंका होने पर उसे रोककर मेडिकल परीक्षण कराया गया। मेडिकल परीक्षण में आरोपी महेश मंडावी पिता दश नाथ मंडावी, निवासी दादर गढ़, थाना केशकाल, जिला कोंडागांव का शराब के नशे में होना प्रमाणित पाया गया। आरोपी के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185, 130(3), 177 एवं 177(बी) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की सुनवाई उपरांत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा द्वारा आरोपी को दोषी पाते हुए ग्यारह हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

## पेज 3 के शेष

### आत्मविश्वास से मिलती...

अपनाने की सीख मिली। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे प्रधानमंत्री के बताए मार्ग पर चलकर न केवल परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करेंगे, बल्कि जीवन में भी सफल नागरिक बनेंगे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम की बेहतर व्यवस्था की गई थी। बड़ी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री का संबोधन दिखाया गया, जिसे छात्रों ने एकाग्रता और उत्साह के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को प्रधानमंत्री के संदेशों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी।

### कलवर माइंस में...

होना चाहिए। बाहरी मजदूरों को हटाकर स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाए। पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो ग्रामीणों का आंदोलन और तेज हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की कि मामले में हस्तक्षेप कर ग्रामसभा प्रस्ताव के अनुसार स्थानीय लोगों को भर्ती में प्राथमिकता दिलाई जाए। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

वार्ता : आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया

# कन्या हाई स्कूल की परीक्षा पे चर्चा पर प्राचार्य ने दिए समय प्रबंधन पर टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शासकीय कन्या हाई स्कूल दुर्गुकोंदल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य एसएस कोमरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को परीक्षा के तनाव से मुक्त रखते हुए सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम को प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने परीक्षा को जीवन का स्वाभाविक चरण बताते हुए कहा कि परीक्षा को भय और दबाव का कारण नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि परीक्षा किसी विद्यार्थी की संपूर्ण क्षमता का पैमाना नहीं होती, बल्कि यह आत्ममूल्यांकन का एक माध्यम है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं की तुलना दूसरों से न करें, बल्कि अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय कर निरंतर आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री ने परीक्षा तनाव के कारणों पर प्रकाश डालते हुए समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, योग, ध्यान और खेलकूद को दैनिक जीवन में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेना ही सफलता का सही मार्ग है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए यह भी कहा कि आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास से कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की अधिक चिंता करने के बजाय नियमित रिवीजन करना, स्वास्थ्य को सही रखना, पर्याप्त नींद लेना तथा संतुलित दिनचर्या अपनाना आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल व्याकुलता से दूर रहने पर जोर देते हुए मोबाइल एवं सोशल मीडिया के अनावश्यक उपयोग से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम में शिक्षकगण संगीता केकती, नीतिश साहू, मीना ढीमर, रामेश्वरी शांडिल्य, मनीषा सिन्हा, शैलेंद्री मरकाम, दयालु ठाकुर, नरेंद्र साहू, सावित्री ठाकुर, जागेंद्र डहरे, वैभव तिवारी, जागृति ध्रुव, खिलेश्वरी उयके, मनीषा गौतम सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## मेडो में परीक्षा पे चर्चा के प्रसारण में तनाव मुक्ति का मिला फंडा

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडो में बोर्ड कक्षाओं में अध्ययनरत कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसे विद्यालय में प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से प्रसारित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में संस्था के समस्त विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से संवाद करते हुए परीक्षा को जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा को डर या दबाव का कारण नहीं बनने देना चाहिए, बल्कि इसे आत्ममूल्यांकन का अवसर मानकर तैयारी करनी चाहिए। प्रसारण में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी, समय नियोजन, तनाव कम करने के उपाय, महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल करने की रणनीति, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा याद किए गए विषय-वस्तु को व्यवस्थित रूप से नोट करने जैसे महत्वपूर्ण और उपयोगी विषयों पर जानकारी दी गई, जो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी रही। प्रधानमंत्री ने परीक्षा से संबंधित कुछ प्रमुख बिंदुओं पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को



तनाव प्रबंधन के तरीके बताए और कहा कि मन को शांत रखने के लिए नियमित अध्ययन, खेलकूद, ध्यान एवं सकारात्मक सोच जरूरी है। उन्होंने स्किल पे चर्चा के अंतर्गत जीवन कौशल और व्यावसायिक कौशल दोनों के संतुलन पर बल दिया और साथ ही बच्चों की पढ़ाई में उनकी सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को सही दिशा में अपना करियर तय करने तथा लक्ष्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों को भी अपने कौशल को निरंतर सुधारते रहना चाहिए, जिससे वे बच्चों का बेहतर मार्गदर्शन कर सकें। । विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का वातावरण देखा गया। शिक्षकों ने भी माना कि इस प्रकार के प्रेरक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और परीक्षा का तनाव कम होता है।

### परीक्षा पे चर्चा में जुड़कर पालक-बालक व शिक्षकों ने दिए गए विशेष टिप्स



**चारामा।** परीक्षा पे चर्चा, युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल तैयार करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बड़ी पहल एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतेसरा के पालक, बालक और शिक्षकों ने लाइव प्रसारण एक साथ देखा और महत्वपूर्ण बाते सीखने का कोशिश किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि बच्चों को स्किल संबंधित गतिविधियों को ज्यादा सीखना चाहिए, परीक्षा समय में डर को दूर भगाकर तैयारी में समय देना चाहिए, सुबह जल्दी उठना, रात को समय में सोना और पठन कार्य के लिए समय सारिणी निर्धारित करना, समय का प्रबंधन जरूरी है। दबाव मुक्त होकर कार्य करना, एकाग्रता के साथ नवाचार की ओर बढ़ना, बच्चों ने प्रधानमंत्री से तनाव मुक्त होकर पढ़ाई या पुस्तक से जुड़ने का टिप्स सीखा, हम सबकी प्रयत्न योगदान से 2047 का विकसित भारत का संकल्प योजना साझा किया। गुलामी की मानसिकता को दूर करना, कर्तव्य की शुरुआत स्वच्छता से करना है, एक कदम स्वस्थ्य कार्य की ओर, एआई तकनीक का उपयोग अच्छे कार्यों में करना है। इस कार्यक्रम से सभी ने बहुत सारे नए नए टिप्स सीखे जिसे अपने जीवन में अमल करने का संकल्प लिया।

### पीएमश्री सेजेस में हुआ परीक्षा पे चर्चा का आयोजन



**भानुप्रतापपुर।** पीएमश्री स्कूल में शासन के निर्देशानुसार परीक्षा पे चर्चा का 9वां संस्करण प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ हुआ। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सभी विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति संबोधित किया गया, जिसमें स्कूल के 710 विद्यार्थीगण, 21 पालकगण तथा 52 शिक्षकगण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। प्रधानमंत्री द्वारा सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में तनाव नहीं लेने, अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, बिना भय के बहुत ही सामान्य रूप से लेते हुए परीक्षा में शामिल होने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। स्कूल के स्मार्ट टीवी एवं प्रोजेक्टर द्वारा यूट्यूब के माध्यम से सीधा प्रसारण कार्यक्रम बच्चों को दिखाया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, जनपद उपाध्यक्ष निर्मला कावडे, सदस्य एवं पार्षद सुमित्रा साहू, वरिष्ठ पत्रकार एवं सदस्य सुमंत सिन्हा ,बीआरसी राधे नुरेटी, एबीओ मुकेश सोनवानी, प्राचार्य पीआर भारद्वाज, सुनील यदु एवं भवन सिंह रावटे तथा समस्त अभिभावकों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### पीएमश्री आत्मानंद के लाइव प्रसारण, कक्षा 6वीं से 12वीं के छात्र हुए शामिल



**दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख कार्यक्रमों में से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण का सीधा प्रसारण लाइव स्मार्ट टीवी के माध्यम से किया गया। इस आयोजन में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के समस्त छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़े तनाव, डर और दबाव से मुक्त कर आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ तैयारी के लिए प्रेरित करना रहा। लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से संवाद करते हुए परीक्षा को जीवन का एक स्वाभाविक चरण बताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा किसी विद्यार्थी की संपूर्ण क्षमता का पैमाना नहीं होती, बल्कि यह स्वयं को परखने और सुधारने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि वे अपनी तुलना दूसरों से न करें, बल्कि अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के अनुसार आगे बढ़ें। उन्होंने समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, योग, ध्यान तथा खेलकूद को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। साथ ही यह भी कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा तनाव प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास बढ़ाने, जीवन कौशल एवं व्यावसायिक कौशल के संतुलन, करियर की सही दिशा चुनने तथा विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों द्वारा स्वयं के कौशल विकास पर भी विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना और इसे परीक्षा तैयारी के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच उत्साह एवं प्रेरणा का माहौल देखा गया। इस अवसर पर प्राचार्य अजय नेताम, अशोक जैन, रामचंद्र कल्लो, सविता उयके, पूनारद दास मानिकपुरी, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी अजनी मंडावी, बीआरसी लतीप सोम, दिलीप सेवता सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालकगण उपस्थित रहे।

## सम्पूर्णता अभियान में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का लिया संकल्प

**पखांजुर।** जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा में नीति आयोग के मार्गदर्शन में सम्पूर्णता अभियान 2.0 का भव्य शुभारंभ हुआ। सद्भावना भवन पखांजुर में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने एकजुट होकर विकासखंड के सभी निर्धारित संकेतकों में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की शपथ ली।

विशेष रूप से मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा और बिहान समूह की दीदियों की बड़ी भागीदारी रही, जो जमीनी स्तर पर इस अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य स्तंभ हैं। कार्यक्रम के दौरान नीति



आयोग के सम्पूर्णता अभियान 2.0 के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। मुख्य कार्यसूची में सभी स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण संबंधी संकेतकों में पूर्ण लक्ष्य प्राप्त करना। नीति आयोग के एबीएफ अंकित राज लहरे ने एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी साझा की। संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ ही सभी कर्मचारियों ने विकास लक्ष्यों को पूरा करने का संकल्प लिया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई और अभियान से संबंधित टी-शर्ट व पोस्टर का विमोचन वक्ताओं ने याद दिलाया कि पिछले वर्ष कोयलीबेड़ा विकासखंड ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए सभी संकेतकों में 100 प्रतिशत सफलता पाई थी और गोल्ड मॉडल का दर्जा प्राप्त किया था। इस वर्ष भी उसी गौरवशाली उपलब्धि को दोहराने के लिए आपसी समन्वय और कड़ी मेहनत पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने खूब सराहा।

## विधायक ने पुलिया निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम पंचायत ईसलनार में पांच लाख रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक उसेंडी द्वारा राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईसलनार की 19 छात्राओं को सायकल वितरित की गई। उन्होंने कहा कि सायकल योजना से बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी।

# जल संसाधन विभाग ने दी सैकड़ों वृक्षों की बलि पलाचूर जलाशय जीर्णोद्धार में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ तहसीलदार व परिक्षेत्र अधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

विकास के नाम पर वनों का विनास करना आम बात हो गई है। वर्षों पुराने हरे भरे पेड़ों को काटने या गिराने से पहले लोग थोड़ा भी नहीं हिचकते, लेकिन जब शासकीय अधिकारी कर्मचारी ख़ुद ही यह कार्य करने लगे तो आम जानता से क्या ही उम्मीद की जा सकती है। ताजा मामला दुर्गुकोंदल विकासखंड का है जहाँ जल संसाधन विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से पलाचूर जलाशय में करोड़ों की लागत से जीर्णोधार कराया जा रहा है। जिसमें केनाल बनाने के लिए चैन माउंटेन की सहायता से नाली खोदने के दौरान सैकड़ो हरे-भरे वृक्षों को गिरा दिया गया है। इसके लिए किसी भी विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई है। ठेकेदार के मजदूरों ने बताया कि अधिकारीयों के निर्देश पर ही कार्य कर रहे है। इस मामले को लेकर तहसीलदार व परिक्षेत्र अधिकारी को शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई है।

दुर्गुकोंदल क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा वर्षों से सिंचाई के लिए पलाचूर जलाशय से पानी की मांग की जा रही थी, जिसके बाद हाल ही में विधायक भानुप्रतापपुर सावित्री मंडावी के द्वारा पलाचूर जलाशय के जीर्णोधार कार्य का शुभारंभ करवाया गया। लेकिन जलाशय के केनाल बनाने के लिए ठेकदार के मजदूरों ने सैकड़ों हरे-भरे वृक्षों की बली चढ़ा दी। इनमें इमारती जैसे सागौन और फलदार आम जैसे बड़े पेड़ भी शामिल है। विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमों को ताक पर रख कर इस प्रकार की अनियमितता बरती जा रही है। इसके पहले भी मनरेगा के कार्यों में नगद भुगतान और मशीनों का प्रयोग करने जैसी बातें सामने आ चुकी है मगर अभी तक दोषी एसडीओ व इंजीनियर पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री, मनरेगा आयुक्त, विभागीय सचिव एवं प्रमुख अभियंता से लिखित शिकायत की गई है। अब देखना होगा की जीरो टॉलरेंस वाली सरकार ऐसे भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही करती है।



जल संसाधन विभाग द्वारा मनरेगा के तहत कई गांव में नहर लाइनिंग कार्य और वाटर कोर्स लाइनिंग कार्य की स्वीकृति ली गई थी। इसके लिए एसडीओ के द्वारा छोटे छोटे रकम की कोटेशन के माध्यम से खुद ही मशीनों और मजदूरों के माध्यम से कार्य सम्पादित कराया गया। जनकपुर के ग्रामीणों द्वारा जब मजदूरी भुगतान लंबित होने की शिकायत एसडीएम कार्यालय व एसडीओ जल संसाधन विभाग को की गई। तब आवेदन में साफ़ लिखा था कि जेसीबी से पुलिया हेतु गढ्ढा खोदा गया है, नाली बनाई गई है और केनाल में मुरुम डाला गया है। ट्रैक्टर व डोजर के माध्यम से खेत के मेड़ को हटाया गया है। इस आवेदन के मीडिया में आते ही आनन फ़ानन में विभाग के द्वारा सभी का नगद भुगतान कर दिया गया और अपने बचाव के लिए मजदूरों से यह भी लिखवाया कि मशीनों का प्रयोग नहीं किया गया है।

जल संसाधन विभाग के एसडीओ और सब इंजीनियर कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे है या ठेकेदारी यह बात समझ से परे है। निर्माण और मरम्मत कार्य कौन ठेकेदार करता है इसकी जानकारी मजदूर व ग्रामीणों को नहीं है। हर जगह साहब ख़ुद ही जाकर मजदूरी करने और मटेरियल देने की बात कर रहे है इसके एवज़ में नगद भुगतान भी कर रहे है। मिर्चीपारा के दिलीप कोरेटी एवं चिंताराम ने बताया कि अधिकारियों ने नगद भुगतान का आश्वासन देकर नहर में मरम्मत कार्य कराया था, जिसका 16 हज़ार नगद भुगतान किया गया। इस मामले में जल संसाधन विभाग के इंजीनियर लाटिया एवं यादव का नाम सामने आया। इसी तरह ग्राम पंचायत घोठा के पूर्व सरपंच राम प्रसाद कावड़े ने बताया था कि जल संसाधन विभाग के एसडीओ कोडोपी साहब ने 25 हजार एडवांस दिया और 70 ट्रिप रेत जनकपुर के नहर लाइनिग कार्य में गिरवाया गया शेष राशि 45 हजार रूपएं नगद दिया गया।

### स्कूली बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोण्डागांव जिले के पीएमश्री विद्यालय महात्मा गांधी वार्ड, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोण्डागांव तथा उच्च प्राथमिक शाला आडकाछेपड़ा के लगभग 200 छात्र–छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा 2026 के 9वें संस्करण का सीधा प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों से संवाद के माध्यम से परीक्षा तनाव, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया गया, जिसे बच्चों ने गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र–छात्राओं से परीक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे और उनके समाधान पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया।

## सरोना मेला आज, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी लोककला की मचेगी धूम

**सरोना।** ग्राम सरोना में आयोजित होने वाले पारंपरिक सरोना मेला के पावन अवसर पर शनिवार को लोक संस्कृति और छत्तीसगढ़ी कला की भव्य झलक देखने को मिलेगी। मेले में आए अतिथियों एवं ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम लोक धरोहर सांस्कृतिक लोक कला मंच अहिवारा भिलाई द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रसिद्ध लोक कलाकार लीलाधर साहू करेंगे, जिनकी प्रस्तुतियां छत्तीसगढ़ी लोक कला को जीवंत रूप में मंच पर उतारने के लिए जानी जाती हैं।

कार्यक्रम के दौरान करमा, ददरिया, सुवा, पंथी, राउत नाचा, मेला मड़ाई, फाग गीत, बिहाव गीत सहित विभिन्न लोकभावनाओं से



ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कला और भाव के माध्यम से दर्शकों के सामने प्रस्तुत की जाएंगी। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा, नृत्य, गीत और वाद्ययंत्रों के समन्वय से यह आयोजन दर्शकों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगा। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूल मैदान में बने सांस्कृतिक मंच पर आयोजित किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है और मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सरपंच दीपिका वटी, उप सरपंच दिनेश सहारे एवं यशवंत सुरोजिया ने बताया कि सरोना मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान है और इसे भव्य रूप देने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेले में दूर-दूर से व्यापारी पहुंच रहे हैं और दुकानों की साज-सज्जा पूरी कर ली गई है। मेले में बच्चों और परिवारों के आकर्षण के लिए मीना बाजार भी रात्रि में लगाया जाएगा, जहां घरेलू सामान, खिलौने, सजावटी वस्तुएं एवं खानपान की दुकानें उपलब्ध रहेंगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026

4 युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला बजट कांकेर में गूंजा विकसित भारत का संकल्प



4 शीतला माता मड़ई मेले का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने की पूजा - अर्चना





## खबर संक्षेप

### जहर खाए युवक की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत चिल्हाटी निवासी 26 वर्षीरू प्रीतम विश्वकर्मा पिता मिथलेश विश्वकर्मा ने जहर खा लिया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 8 दिसंबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाने से मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत डॉगरा निवासी 22 वर्षीय नकुल यादव पिता स्व. बालचंद यादव ने जहर खाबर अपनी जान दे दी। मिली जानकारी अनुसार मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के लिए 18 जनवरी को उसका मौत हो गया। मृतक ने जहर किस कारणें से खाया था, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बेवरती निवासी 81 वर्षीय राम खिलावन साहू पिता तीजूराम का सड़क दुर्घटना में 5 फरवरी को गंभीर चोट आने से मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में पाया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिले

**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा चारामा निवासी दो दिव्यांगजनों 61 वर्षीय लछिन्दर साहू और 39 वर्षीय पूरन चंदेली को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल प्रदान किया गया। दोनों दिव्यांगों ने ट्रायसाईकिल प्रदान करने के लिए कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें आज ट्रायसाईकिल प्रदान की गई। सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे, उन्हांने कहा कि अपनी दिनचर्या में आने-जाने में बहुत परेशानी होती थी, ट्राईसाईकिल मिलने से उन्हें रोजगार मेला, परिवारिक कार्यक्रम में जाने में सहुलियत होगी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**हादसा :** तेज रफ्तार कार पोल तोड़ते हुए पेड़ से टकराई, कार के उड़े परखच्चे

# सड़क हादसे में जन्मदिन मनाने निकले छह दोस्तों में से दो की मौत और चार की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला मुख्यालय में शुक्रवार 6 फरवरी की अलसुबह खुशियों से भरी एक छोटी-सी यात्रा देखते ही देखते मातम में बदल गई। दोस्त का जन्मदिन मनाने माकड़ी जा रहे युवकों की तेज रफ्तार कार गोविंदपुर के पास भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। अनियंत्रित कार पहले सड़क किनारे लगे लोहे के पोल से टकराई, फिर उसे तोड़ते हुए पेड़ से जा भिड़ी। हादसा इतना भयावह था कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर व अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो को हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया है।

- यातायात एवं कांकेर थाना की टीम ने संभाला मोर्चा, घायलों को पहुंचाया अस्पताल
- घायल के अनुसार गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुई कार

जानकारी के अनुसार डिजायर कार क्रमांक सीजी 19 बीएच 0146 में सवार छह युवक शहर का एक चक्कर लगाने के बाद माकड़ी की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 3 बजे गोविंदपुर के पास अचानक सामने आई गाय को बचाने के प्रयास में चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कार पहले लोहे के पोल से टकराई, पोल को तोड़ते हुए आगे बढ़ी और अंततः एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोग भी दहल उठे। हादसे के समय कार में सवार युवकों में भावेश गजबल्ला पिता विकास गजबल्ला, उम्र 17 वर्ष, निवासी गोविंदपुर (कार चालक), युवराज कल्लो पिता लालसाय, उम्र 15 वर्ष, निवासी एकता नगर, वेदांत पटेल (साहू) पिता संतराम, उम्र 16 वर्ष, निवासी ठेलकाबोड़ नगर, हर्ष मसीह पिता हाबिल, उम्र 18 वर्ष, निवासी शिवनगर, रोहन ध्रुव पिता महेश ध्रुव, उम्र 19 वर्ष, निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी और आयुष कोर्राम पिता कार्तिक कोर्राम, उम्र 15 वर्ष, निवासी उदयनगर शामिल रहे।

### चार घायल, दो रायपुर रेफर

हादसे में घायल हुए चार युवकों को पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुँचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद वेदांत और युवराज को मृत घोषित कर दिया, वहीं गंभीर रूप से घायल भावेश गजबल्ला और आयुष कोर्राम को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया है। अन्य दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।



वेदांत पटेल



युवराज







### जन्मदिन मनाने निकले वेदांत की मौके पर मौत

इस हादसे की सबसे दर्दनाक बात यह रही कि जिस युवक का जन्मदिन मनाने के लिए सभी दोस्त निकले थे, वही वेदांत इस दुर्घटना का सबसे बड़ा शिकार बन गया। वेदांत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी युवराज गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ बैठा। दो किशोरों की असमय मौत की खबर मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

घायलों के बयान के अनुसार हादसे की प्रमुख वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है। क्षतिग्रस्त कार की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना भयावह था। लोग इसे भगवान की कृपा मान रहे हैं कि चार युवक गंभीर स्थिति के बावजूद बच गए।

### अस्पताल में उमड़ी भीड़, मचा हड़कंप

घटना की जानकारी मिलते ही सभी युवकों के परिजन अस्पताल पहुँच गए। एक साथ दो मौतों की खबर से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और भारी भीड़ जमा हो गई। हर आंख नम थी और माहौल गमगीन हो गया।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा, यातायात बहाल

यातायात प्रभारी दीपक साव ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही यातायात व थाना पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुँची और सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुँचाया गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन की सहायता से सड़क से हटाया गया, जिससे कुछ समय के लिए बाधित यातायात को बहाल किया जा सका। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## जन्मदिन की पार्टी का विवाद पहुंचा गांव की बैठक में, वहां फिर हुई मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना बांदे क्षेत्र के पीव्ही-111 तरुणनगर गांव में एक जन्मदिन पार्टी के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद समय के साथ इतना बढ़ गया कि वह गांव की बैठक, गाली-गलौज और अंततः जमकर हुई मारपीट में तब्दील हो गया। इस घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

- पीव्ही-111 तरुणनगर गांव का मामला, दोनों पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

जानकारी के अनुसार पीव्ही-111 तरुणनगर निवासी 55 वर्षीय रंजीत मल्लिक पिता अश्वनी मल्लिक ने थाना बांदे में शिकायत दर्ज कराई कि 10 अक्टूबर को खुशबू मिस्त्री पिता शिवा मिस्त्री की जन्मदिन पार्टी थी, जिसमें वह अपने परिचितों के साथ शामिल हुए थे। पार्टी के दौरान शराब पी जा रही थी। इसी दौरान उनके पुत्र रोहित मल्लिक उन्हें घर ले जाने लगे। आरोप है कि इसी समय नशे में धुत रंजीत भक्त ने रोहित मल्लिक को पीछे से पकड़ लिया, जिससे धक्का-मुक्की हुई और रंजीत भक्त गिर गया। उसी रात से दोनों पक्षों के बीच मनमुटाव बना रहा। विवाद को सुलझाने के लिए 11 अक्टूबर को गांव में बैठक बुलाने की घोषणा की गई, लेकिन प्रमुख लोगों की अनुपस्थिति के कारण बैठक रद्द हो गई और समस्या का समाधान नहीं हो पाया। इसके बाद 4 फरवरी को एक बार फिर गांव में बैठक बुलाई गई। इस बैठक में आरोप है कि रंजीत भक्त, रजत भक्त, प्रेम दे और संजीत भक्त शराब के नशे में पहुंचे और पुराने विवाद को लेकर बहस शुरू हो गई। इसी दौरान रंजीत भक्त ने रोहित मल्लिक पर हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे रंजीत मल्लिक और उनकी पत्नी बितिका मल्लिक के साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना में रोहित मल्लिक के आंख के पास चोट आई, वहीं रंजीत मल्लिक और उनकी पत्नी को भी सिर, हाथ-पैर में दर्द की शिकायत है। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रंजीत भक्त, रजत भक्त, प्रेम दे और संजीत भक्त के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### बैठक मामला सुलझा नहीं और उलझ गया

दूसरे पक्ष से 25 वर्षीय रजत भक्त पिता खुदीराम भक्त ने भी थाना बांदे में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर को जन्मदिन पार्टी में उनके भाई रंजीत भक्त के साथ रोहित मल्लिक ने मारपीट की थी, तभी से विवाद चला आ रहा था। विवाद को खत्म करने के लिए 4 फरवरी को गांव के सार्वजनिक मंदिर में बैठक बुलाई गई थी। बैठक के दौरान जब उनके पिता खुदीराम भक्त ने रोहित मल्लिक से सवाल किया, तो रोहित मल्लिक आवेश में आकर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि इसके बाद मिथुन मल्लिक, राकेश मल्लिक और लालचंद मल्लिक भी रोहित मल्लिक के साथ मिलकर मारपीट पर उतारू हो गए। बीच-बचाव करने आए रजत भक्त, बप्पी सिकदार और प्रेम डे के साथ भी हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। इस शिकायत पर पुलिस ने रोहित मल्लिक, मिथुन मल्लिक, राकेश मल्लिक और लालचंद मल्लिक के खिलाफ भी समान धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## लोक अदालत 14 को न्यायाधीश ने ली बैठक

**कांकेर।** वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को है, इसकी तैयारी को लेकर जिला न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार टामक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण समझौते के माध्यम से प्रकरणों का शीघ्र एवं सरल समाधान सुनिश्चित करना है। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र, शांति प्रभु जैन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के अलावा बीमा एवं फाइनेंस कंपनियों के अधिवक्ता, प्रबंधक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## कलवर माइंस में स्थानीय भर्ती की मांग पर ग्रामीणों में आक्रोश, हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत कलवर माइंस में स्थानीय मजदूरों की भर्ती को लेकर ग्राम पंचायत झिटकाटोला के ग्रामीणों द्वारा जारी हड़ताल को आज उस समय और मजबूती मिली, जब पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को अपना समर्थन देने आए। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को अपनी समस्याए बताईं और मांग किया कि माइंस में बाहरी मजदूरों की नियुक्ति बंद कर स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि इस विषय को लेकर ग्रामसभा में पहले ही प्रस्ताव पारित किया जा चुका है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि माइंस में कार्य के लिए प्राथमिकता स्थानीय लोगों को दी जाए। इसके बावजूद समिति एवं प्रबंधन द्वारा बाहरी व्यक्तियों को काम में लगाया जा रहा है। इसी बात से नाराज होकर ग्रामीण हड़ताल पर बैठे हुए हैं। हड़ताल कर रहे ग्रामीणों में शत्रुघ्न दुग्गा, लच्छूराम ध्रुव, मनेश निषाद, राजेश आचला ने कहा कि ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के बाद भी बाहरी लोगों को रोजगार दिया जाना ग्रामीणों के अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय युवाओं के पास रोजगार के सीमित साधन हैं और माइंस ही उनके लिए एक बड़ा अवसर है, लेकिन बाहर के लोगों को प्राथमिकता देकर उन्हें बेरोजगार बनाया जा रहा है। धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक ने ग्रामीणों की मांग को उचित बताते हुए कहा कि स्थानीय संसाधनों पर पहला अधिकार स्थानीय लोगों का होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा का प्रस्ताव सर्वोपरि है और उसका पालन करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। यदि ग्रामसभा ने निर्णय लिया है कि स्थानीय मजदूरों को ही काम दिया जाए, तो उसका सम्मान ⏭ शेष पेज 02 पर

## पचांगी में पारंपरिक रूप से मनाई माता पहुंचानी, 15 गांव के श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत पचागी में पूर्खों की रूढ़िगत एवं पारंपरागत परंपरा के अनुसार माता पहुंचानी कार्यक्रम हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और गांव की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया।

- महुआ झाड़ के नीचे मड़वा बनाकर हुई विधिवत पूजा-अर्चना, सुख-शांति व समृद्धि की कामना

ग्रामीणों ने बताया कि माता पहुंचानी कार्यक्रम में जिन व्यक्तियों को दर्श पाया के रूप में प्रकट होना माना जाता है, वे परंपरा अनुसार सफेद कपड़ा पहनकर पूजा स्थल पर उपस्थित होते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बिसनाथ पूडो, कोदा पूडो एवं सेवा दल के पुजारी बिसूनू पूडो, सोमजी दुग्गा, मगू धुरवा तथा कोरोटी पुजारी द्वारा विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना कराई गई। यह पूजा गांव से कुछ दूरी पर महुआ झाड़ के नीचे मड़वा बनाकर संपन्न की गई। परंपरा के अनुसार पूजा स्थल को पहले साफ कर व्यवस्थित किया गया, फिर मड़वा बनाकर पूजा सामग्री सजाई गई। इसके बाद देवी-देवताओं का आह्वान कर ग्राम एवं क्षेत्र की रक्षा, अच्छी फसल, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की गई। माता पहुंचानी कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह देखते ही बन रहा था। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूरे वातावरण में भक्तिमय ऊर्जा का संचार हुआ।



कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए देवी-देवताओं को भी आमंत्रित किया गया, जिससे आयोजन और अधिक भव्य एवं धार्मिक स्वरूप में नजर आया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुकलाल नाग, ग्राम पटेल रैनू पूडो, ग्राम सरपंच जैनकुमार पूडो, केजा पूडो, मेंगू पूडो, मैनू पूडो, किशोर पूडो, देवा दुग्गा, रामूलाल गावड़े, चमारसिंग धुरवा, संजू पूडो, अमित पूडो, रंजनू धुरवा, जरहू दुग्गा, रामाधुरवा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

आत्मानंद नरहरदेव विद्यालय के विद्यार्थियों ने पीएम मोदी की वार्ता परीक्षा पे चर्चा सुनी

# आत्मविश्वास से मिलती है परीक्षा के तनाव से मुक्ति और सफलता की आसान राह: पीएम संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों के लिए आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम न केवल एक संवाद है, बल्कि यह विद्यार्थियों के मन से डर और तनाव को दूर कर उन्हें सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आत्मानंद नरहरदेव विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री का यह प्रेरणादायक संबोधन सुना। कार्यक्रम के दौरान परीक्षा को उत्सव की तरह लेने, लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश छात्रों के मन को छू गया।






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि परीक्षा जीवन का अंत नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, समय का सही प्रबंधन करने और स्वयं पर विश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही अभिभावकों और शिक्षकों से भी बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालने की अपील की। कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक आशाराम भी विद्यालय पहुंचे और उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का यह संवाद विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक है। विधायक ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे परीक्षा को बोझ न समझें, बल्कि इसे अपने ज्ञान को परखने का अवसर मानें।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा से उन्हें तनाव कम करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और पढ़ाई के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण ⏭ शेष पेज 02 पर

## लांड्री की आड़ में सट्टा, पुलिस रेड में भंडा फूटा नकदी, मोबाइल जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

नरहरपुर थाना क्षेत्र में मण्डी चौक के पास स्थित एक कपड़ा प्रेस दुकान में गुपचुप तरीके से चल रहे सट्टा कारोबार का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखते एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके आगे के नेटवर्क को खंगालने में लगी हुई है। जानकारी के अनुसार नरहरपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि मिली कि देवीनवागांव निवासी 52 वर्षीय रामेश्वर निर्मलकर अपनी कपड़ा प्रेस दुकान में सट्टा-पट्टी लिखकर लोगों से अलग-अलग अंकों पर पैसे लगवा रहा है। अधिक लाभ का लालच देकर वह लंबे समय से सट्टा-पट्टी खिलाने का अवैध काम कर रहा था। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर मण्डी चौक स्थित उक्त दुकान पर दबिश दी। दबिश के दौरान आरोपी रामेश्वर निर्मलकर दुकान के भीतर सट्टा-पट्टी लिखते हुए पाया गया। पुलिस ने मौके पर उसे हिरासत में लेकर तलाशी लिया, जिसमें उसके पास से एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन, व्हाट्सएप पर सट्टा-पट्टी से संबंधित भेजे व प्राप्त किए गए इमेज, पूर्व में लिखी गई सट्टा-पट्टी तथा 1 हजार 280 रुपए नकद बरामद किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह पिछले तीन महीनों से धनंजय साहू के पुत्र के कहने पर सट्टा-पट्टी लिख रहा था और व्हाट्सएप के माध्यम से खाईवाल को सट्टे की जानकारी भेजता था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे अभिरक्षा में लिया है।



नरहरपुर थाना प्रभारी सोमेंद्र बघेल का कहना है कि अवैध सट्टा और जुआ गतिविधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि ऐसी गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समाज में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

## खबर संक्षेप

### लोक सेवा आयोग की 22 को होगी प्रारंभिक परीक्षा

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में 3333 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में स्थापित पीजी कॉंलेज में 500, कन्या कॉलेज में 400, नरहरदेव स्कूल में 313, कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा में 400, गोविन्दपुर सेकेण्डरी स्कूल में 200, डाईट कांकेर में 180, महिला आईटीआई में 180, सिंगारभाट हायर सेकेण्डरी स्कूल में 180, कन्या हॉस्टल हाई स्कूल सिंगारभाट में 180, शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा में 200, हायर सेकेण्डरी स्कूल सिदेसर में 300 तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल बागोडार में 300 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### दोड़दे में दो दिनी कबड्डी व वॉलीबॉल स्पर्धा आज से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम दोड़दे में नवयुवक खेल समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सीजन 06 दो दिवसीय कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 7 से 8 फरवरी तक आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न टीमों को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजन को लेकर ग्रामीणों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी पुरुष वर्ग, कबड्डी महिला वर्ग एवं पुरुष वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कबड्डी पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 15,555 एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 8,555 एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 4,555 एवं ट्रॉफी तथा चतुर्थ पुरस्कार 2,555 एवं ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। महिला कबड्डी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 6,555, द्वितीय 3,555, तृतीय 2,555 एवं चतुर्थ 1,555 के साथ ट्रॉफी दी जाएगी। वहीं पुरुष वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 8,001 एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय पुरस्कार 4,001 एवं ट्रॉफी रखा गया है।

### गौ विज्ञान परीक्षा के छात्रों को दिया गया सर्टिफिकेट



**कोयलीबेड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के द्वारा गौ विज्ञान परीक्षा कि प्रथम चरण कि परीक्षा 19 जनवरी को आयोजित किया गया था, जिसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोयलीबेड़ा से हायर स्तर पर कक्षा 9 वीं के हबील दर्रो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर पर कक्षा 8 वी से यामिनी यादव प्रथम स्थान, 7 वीं से सुशांत कुमार साहू द्वितीय स्थान, करिश्मा ध्रुव कक्षा छठवीं तृतीय स्थान प्राप्त कर द्वितीय चरण के लिए चयनित हुए हैं। सभी चयनित

## निधन

### बुधयारीन जैन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पेडावारी निवासी



बुधयारीन जैन का आकस्मिक निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम पेडावारी में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सम्मेलन : कांकेर में भव्य बस्तर संभाग स्तरीय युवा सम्मेलन संपन्न

# युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला बजट कांकेर में गूंजा विकसित भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने वाले केंद्रीय बजट को लेकर युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने को मिला, जब भारतीय जनता युवा मोर्चा कांकेर द्वारा शहर के नए बस स्टैंड स्थित डोम में बस्तर संभाग स्तरीय बजट युवा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बस्तर अंचल के विभिन्न जिलों से पहुंचे युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बजट को लेकर उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। मंच से वक्ताओं ने बजट को युवा शक्ति का बजट बताते हुए इसे विकसित भारत की ओर बढ़ता सशक्त कदम करार दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक आशा राम नेताम ने कहा कि लिथियम आयरन बैटरी सहित 12 महत्वपूर्ण खनिजों पर सीमा शुल्क समाप्त किए जाने से ईवी और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद सस्ते होंगे। राज्यों को बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का 50 वर्षों तक का ब्याज मुक्त ऋण जारी रखना दूरदर्शी निर्णय है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में छत्तीसगढ़ के लिए विशेष रणनीतिक प्रावधान किए गए हैं, जिसमें कनेक्टिविटी, जनजातीय कल्याण और औद्योगिक विकास को प्राथमिकता दी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने बजट को विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि कर सुधार, विनिर्माण और तकनीक पर केंद्रित यह बजट मध्यम वर्ग की आर्थिक क्षमता को सशक्त करेगा। 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को कर मुक्त करना, वेतनभोगियों के लिए मानक कटौती बढ़ाकर 75 हजार रुपये करना और वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर कटौती की सीमा 1 लाख रुपये करना स्वागतयोग्य निर्णय हैं। आयोजित सम्मेलन में मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले ने भी अपने विचार रखे। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

### रोजगार और उद्यमिता के नए द्वार खुलेंगे

सम्मेलन को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि यह बजट युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला है। ऑरेंज इकोनॉमी, पर्यटन, खेलो इंडिया मिशन जैसे क्षेत्रों के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए द्वार खुलेंगे। भारत को दुनिया का डेटा सेंटर हब बनाने के लिए टैक्स में दी गई बड़ी छूट ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि देश केवल तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर संतुष्ट नहीं है, बल्कि जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। यह बजट अवसरों का राजमार्ग है, जो स्किल, स्केल और सस्टेनेबिलिटी को मजबूती देता है।

### यवा बजट नई दिशा देने वाला साबित होगा

मुख्य वक्ता एवं भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू ने बताया कि बजट में स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल स्किल्स, खेलो इंडिया और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं को बढ़ावा दिया गया है, जिससे युवाओं को नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का रोडमैप है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस बजट का लाभ उठाकर नवाचार, उद्यमिता और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। यह युवा बजट महोत्सव देश को नई दिशा देने वाला साबित होगा।


### युवा बजट देश की दिशा तय करेगा

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संजु गोपाल साहू युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्रीय बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि देश के भविष्य की दिशा तय करने वाला दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि वर्तमान बजट में युवाओं, स्टार्टअप, कौशल विकास, शिक्षा, डिजिटल सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

कार्यक्रम का आभार प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर ने किया और इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीमा मरकाम, जिला महामंत्री घनेंद्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, जतिन अटभैया, जनप्रतिनिधि एवं बस्तर संभाग के युवा मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## पीएमश्री बालक प्राशा की बाउंड्री वॉल में निर्माण के एक साल के भीतर दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना



सरकारी योजनाओं के तहत शिक्षा संस्थानों के विकास के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम शासकीय बालक प्राथमिक शाला सरोना से सामने आया है, जहां लगभग 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित बाउंड्री वॉल निर्माण के एक वर्ष भी पूरे नहीं कर पाई और उसमें जगह-जगह चटकने व दरारें आने लगी हैं।

विद्यालय परिसर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बनाई गई यह बाउंड्री वॉल अब स्वयं ही खतरे का संकेत देने लगी है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसकी वजह से इतनी कम समयावधि में दीवार कमजोर होने लगी है। दीवार में आई दरारें साफ तौर पर निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े करती हैं। विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो दीवार गिरने जैसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। बच्चों की रोजाना आवाजाही इसी बाउंड्री के आसपास होती है, जिससे खतरा और भी गंभीर हो जाता है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य के समय न तो किसी प्रकार की तकनीकी निगरानी की गई और न ही गुणवत्ता की जांच। ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया, लेकिन काम की मजबूती पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद दीवार कुछ ही महीनों में जवाब देने लगी है। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कर दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो। साथ ही क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉले में की मरम्मत या पुनर्निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए, जिससे बच्चों और विद्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### कलेक्टोरेट परिसर एवं आसपास धारा-163 लागू

**कांकेर।** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 04 फरवरी 2026 से 03 अप्रैल 2026 तक कुल 60 दिवस की अवधि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इस अवधि के दौरान कलेक्टर परिसर एवं परिसर की आसपास के 200 मीटर के दूरी को धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी इत्यादि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

## भागवत कथा के कृष्ण जन्मोत्सव में श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते निकाली जीवंत एवं दिव्य झांकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ठेलकाबोड़ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सजीव झांकी निकाली गई, जिसमें भगवान कृष्ण के जन्म का भावपूर्ण चित्रण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे, जिन्होंने भक्ति गीतों पर नृत्य कर एक-दूसरे को कृष्ण जन्म की बधाई दी।

कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज ने कथा प्रसंग में कहा कि मनुष्य जिस भाव और स्वरूप का निरंतर चिंतन-मनन करता है, वही छवि उसके व्यक्तित्व में उतरने लगती है। यदि भगवान कृष्ण और महादेव की आराधना की जाए तो उनके गुण जीवन में आने लगते हैं, वहीं नकारात्मक शक्तियों की उपासना मनुष्य के स्वरूप को विकृत कर देती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जैसा बनना चाहता है, उसे वैसा ही चिंतन करना चाहिए। कथावाचक ने मन की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मन जल की तरह कोमल भी होता है और पत्थर की तरह कठोर भी। मन यदि द्रवित हो जाए तो उससे पवित्र कुछ नहीं, लेकिन कठोर हो जाए तो वह किसी की पीड़ा को भी नहीं समझता।

प्रेम की परिभाषा बताते हुए उन्होंने कहा कि केवल भगवान से प्रेम करना पर्याप्त नहीं, बल्कि दीन-दुखियों और समाज के सभी वर्गों के प्रति समान भाव रखना ही सच्चा प्रेम है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति केवल पूजा-पाठ से नहीं, बल्कि समता, करुणा और राष्ट्र के प्रति योगदान से होती है। गृहस्थ आश्रम के उद्देश्य पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य केवल संतान और धन संचय नहीं, बल्कि ऐसा जीवन जीना है कि जाने के बाद समाज में कोई बुरा न कहे। अंत में उन्होंने राजा हरिश्चंद्र के जीवन से प्रेरणा लेते हुए धर्म के मार्ग पर अडिग रहने का संदेश दिया।

## कोयलीवाड़ा में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने शिविर लगाने की मांग की

**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा से जिला मुख्यालय कि दूरी 115 किलोमीटर होने के कारण सुदुर गांव क्षेत्र के लोगो को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने 115 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है। कई लोगों को परिवहन कार्यालय का पता ही नहीं होता, जिससे उन्हें ज्यादा ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई लोग पता करते-करते भटक जाते हैं और कार्यालय तक पहुंच ही नहीं पाते। सुदुर गांव क्षेत्र से शहरी वातावरण में पहुंचकर परिवहन कार्यालय का पता नहीं कर पाते। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोयलीबेडा ब्लॉक मुख्यालय मैं तीन दिवसीय शिविर लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की मांग क्षेत्र के युवाओं ने किया है। युवाओं ने आस्वस्थ भी किया है कि



प्रशासन अगर शिविर लगता है, तो हम युवाओं की तरफ से शासन के दिशा निर्देश का पालन करते हुए भरपूर सहयोग किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में सड़क हादसे विगत कुछ महीनो से ज्यादा ही हो रही है जिस पर युवाओं ने तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई करते अंकुश लगाने की मांग की है। उक्त मांगों का आवेदन युवाओं के द्वारा थाना प्रभारी कोयलीबेड़ा सौपा गया। इस दौरान किनेश कौशल, नितेश साहू, अंकुश पटेल, मोहनीश उसेंडी व आतिश उसेंडी उपस्थित रहें।

## शीतला माता मड़ई मेले का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने की पूजा - अर्चना

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर (उमरादाह) में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक मेला मड़ई का आयोजन दो 6 एवं 7 फरवरी को किया जा रहा है। मेला आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर गांव के प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में माता शीतला के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर गांव एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

मेला शुभारंभ से पूर्व शीतला माता मंदिर परिसर में ग्राम पंचायत की सरपंच गायत पटेल तथा जनपद सदस्य द्वारा पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान देवी-देवताओं की उपस्थिति में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मेला पर्व की शुरुआत की गई। आयोजनकर्ताओं द्वारा गांववासियों से अपील की गई कि मेला पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं, जिससे परंपरा बनी रहे और सभी को आनंददायक अनुभव प्राप्त हो। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। विशेष रूप से अमोडा क्षेत्र की जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति कांति पटेल, सरपंच



संदीप कुंजाम, अहिलू सलाम, फरसूराम नेताम,जम्मूलाल कुंजाम, प्रेमलाल कुंजाम सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहें। ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आगंतुक मेला देखने पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ बनी रही। आयोजन समिति एवं ग्राम पंचायत द्वारा मेला व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर सभी को सहयोग करने की अपील की गई है।

## 10 साल बाद बन रही सड़क में भ्रष्टाचार का डामर, अधिकारियों की चुप्पी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दुर्गुकोंदल से कोदापखा तक बन रही लगभग 11 किलोमीटर की सड़क भ्रष्टाचार और विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों के लंबे संघर्ष और आंदोलनों के बाद स्वीकृत हुई यह सड़क, ठेकेदार की मनमानी और अधिकारियों की कमीशनखोरी के चलते अपनी गुणवत्ता खो रही है। मौके पर निर्माण कार्य की स्थिति बेहद चिंताजनक है। तकनीकी मापदंडों के अनुसार सड़क की नींव यानी डब्लू एम एम का कार्य सही ढंग से नहीं किया गया है। न तो पर्याप्त पानी डाला गया और न ही वाइब्रेट हुआ। ठेकेदार द्वारा बिना डब्लूएमएम को व्यवस्थित किए सीधे इमल्शन डालकर डामरीकरण किया जा रहा है, जिससे सड़क की उम्र पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो गया है।

शुक्रवार को जब डामरीकरण का कार्य चल रहा था, तब विभाग का एक भी जिम्मेदार अधिकारी या इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं था। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि ठेकेदार को अधिकारियों का पूरा संरक्षण प्राप्त है। निरीक्षण न करने के एवज में अधिकारियों तक मोटी कमीशन पहुँचाई जा रही है। कार्यस्थल पर डामर की गुणवत्ता जांचने के लिए जरूरी मशीनें तक उपलब्ध नहीं हैं। सड़क निर्माण कार्य को ठेकेदार के भरोसे छोड़ कार्यालय में आराम फरामन्ते है अधिकारी। हैरानी की बात यह है कि सड़क निर्माण शुरू होने के बावजूद अभी तक कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। ग्रामीण यह तक नहीं जानते कि सड़क की लागत क्या है और इसमें किस गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग होना है। जब इस संबंध में विभाग से पूछा गया, तो इंजीनियर का तर्क था कि /"बोर्ड बनने दिया गया है जबकि सड़क बनकर तैयार होने की कगार पर है। लेकिन बोर्ड निर्माण अभी तक नहीं किया गया है

कोदापखा क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस सड़क के लिए लंबा संघर्ष किया है। प्रशासन को जगाने के लिए कभी कीचड़ भरी सड़क पर धान की रोपाई की गई, तो कभी दुर्गुकोंदल तक पैदल यात्रा निकाली गई।

10 साल के कड़े इंतजार के बाद मिली सड़क को इस तरह बर्बाद होते देख स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है की जिस बुनियाद पर डामर बिछाया जा रहा है, वह इतनी कमजोर है कि पहली बारिश में ही सड़क उखड़ने लगेगी। यह जनता के पैसे और हमारे संघर्ष का अपमान है।

## मनरेगा के समर्थन में कांग्रेस हुई उग्र प्रदर्शनकारी कलेक्टोरेट तक पहुंचने

**कांकेर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कथित रूप से कमजोर किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को पुराना बस स्टैंड में सभा का आयोजन किया गया। सभा के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी रैली निकालते हुए कलेक्टोरेट की ओर बढ़े। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पहले बैरिकेड को तोड़ते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया, हालांकि दूसरे बैरिकेड पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। करीब 15 मिनट तक कांग्रेसियों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल के कारण वे सफल नहीं हो सके।

- पुराना बस स्टैंड से कलेक्टोरेट तक गूंजा कांग्रेस का विरोध,

सभा को संबोधित प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार द्वारा इस कानून में किया जा रहा बदलाव कोई सामान्य विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक कदम है, जिसका उद्देश्य अधिकार आधारित जनकानून को कमजोर करना और देश के सबसे बड़े कल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी का नाम व उनके मूल्यों को हटाना है। 20 वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में



मनरेगा कानून संसद में सर्वसम्मति से पारित हुआ था। यह कानून करोड़ों ग्रामीण परिवारों, विशेषकर गरीब, वंचित, शोषित और अतिगरीब वर्ग के लिए जीवनरेखा साबित हुआ। इससे गांवों में रोजगार के अवसर बढ़े, पलायन पर रोक लगी और ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाया गया। मनरेगा के माध्यम से गांधी जी के ग्राम स्वराज के सपनों को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया। विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने मनरेगा को कमजोर करने की निरंतर कोशिश की है, जबकि कोविड-19 महामारी के दौरान यही योजना गरीबों के लिए संजीवनी बनी थी। हाल ही में सरकार द्वारा बिना किसी विचार-विमर्श, बिना राज्यों और विपक्ष से सलाह लिए मनरेगा का स्वरूप बदल दिया गया, जिससे अब यह तय करने का अधिकार भी केंद्र सरकार अपने हाथ में ले रही है कि किसे, कहां और कितना काम मिलेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने आरोप लगाया कि इससे गरीब और पिछड़े राज्यों में मनरेगा के तहत मिलने वाला रोजगार स्वतः समाप्त हो जाएगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार से मांग की कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को पूर्ववत रखा जाए, ताकि ग्रामीण मजदूरों का अधिकार सुरक्षित रहे और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री गंगा पोटाई, पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा, वीरेश ठाकुर, गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र यादव, जनक नंदन कश्यप, पंकज वाधवानी, बबला पाढ़ी, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजू दुबे, सुमित राय, चमन साहू के अलावा कांग्रेस के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

